अमर उजाला

Date: 08.08.2024

# तीज पर्व की उमंग... झूले का आनंद उठाया, मेहंदी रचाई

## चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाई गई हरियाली तीज

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) में बुधवार को हरियाली तीज महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

सोशल आउटरीच सेल और वूमेन सेल के तत्वावधान में तीज के अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए गए। विश्वविद्यालय प्रांगण में मंगलवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टाफ और छात्रों ने भाग लिया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने बताया कि हरियाली तीज का त्योहार प्रकृति और महिलाओं के बीच गहरा नाता दर्शाता है। इस दिन महिलाओं में बहुत उत्साह और खुशी देखने को मिलता है। इस दिन महिलाएं गीत गाती हैं और एक-दूसरे को उपहार देती हैं। यह त्योहार महिलाओं को एक-दूसरे के साथ जुड़ने और सामंजस्य बैठाने का भी संकेत देता है। हरियाली तीज का त्योहार भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि हरियाली तीज हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी रखता है। इस त्योहार को मनाने से परिवार में खुशहाली आती है और रिश्ते मजबूत होते हैं। सोशल आउटरीच सेल के निर्देशक डॉ. विजय कुमार ने बताया कि पहली बार हरियाली तीज के अवसर पर इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रांगण में हो रहा है और सभी शिक्षक, गैर शैक्षिक कर्मचारी और विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिल रहा है।



चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में झूला झुलतीं छात्राएं। संवाद

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

Date: 08.08.2024



# चौधरी रणबीर सिंह विवि में दिखा तीज का उत्साह

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में बुधवार को हरियाली तीज महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सोशल आउटरीच सेल और वूमेन सेल के तत्वावधान में तीज के अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए गए। विश्वविद्यालय प्रांगण में मंगलवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें टीचिंग, नॉन टीचिंग और विद्यार्थियों ने भाग लिया। बुधवार को विश्वविद्यालय में छात्राओं ने झूला झूलने के साथ सावन के गीतों पर जम कर थिरकी और लोकगीत गाए। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति डा. रणपाल सिंह ने बताया कि हरियाली तीज का त्योहार प्रकृति और महिलाओं के बीच गहरा नाता दर्शाता है। इस दिन महिलाओं में बहुत उत्साह और खुशी देखने को मिलता है। इस दिन महिलाएं गीत गाती हैं और एक-दूसरे को उपहार देती हैं। यह त्योहार महिलाओं को एक-दूसरे के साथ जुड़ने और सामंजस्य बैठाने का भी संकेत देता है।

दैनिक जागरण

Date: 08.08.2024

# सीआरएसयू में मनाया तीज पर्व, बांटे घेवर और सुहाली



सीआरएसयू में तीज के कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्टाफ व छात्राएं। • सौ. विवि

**जागरण संवाददाता • जींद :** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। सोशल आउटरीच सेल और महिला सेल के तत्वावधान में तीज के अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम हुए। मेहंदी प्रतियोगिता में टीचिंग, नान टीचिंग और विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्राएं झूला झूलने के साथ सावन के गीतों पर जमकर थिरकी और लोकगीत गाए। विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

पंजाब केसरी

Date: 08.08.2024

# शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से मनाया तीज पर्व

## ■ घेवर और सुहाली बांटकर एक-दूसरे को दी बधाई

जींद, 7 अगस्त (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में बुधवार को हरियाली तीज महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सोशल आऊटरीच सैल और वूमैन सैल के तत्वावधान में तीज के अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विश्वविद्यालय प्रांगण में मंगलवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें टीचिंग, नॉन-टीचिंग और विद्यार्थियों ने भाग लिया। बुधवार को विश्वविद्यालय में छात्राओं ने झूला झूलने के साथ सावन के गीतों पर जम कर थिरकीं और लोकगीत गाए। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय कुलपति डा. रणपाल सिंह ने बताया कि हरियाली तीज का त्यौहार प्रकृति और महिलाओं के बीच गहरा नाता दर्शाता है। इस दिन महिलाओं में बहुत उत्साह और खुशी देखने को मिलती है। इस दिन महिलाएं गीत गाती हैं और एक-दूसरे को उपहार देती हैं। यह त्यौहार महिलाओं को एक-दूसरे के साथ जुड़ने और सामंजस्य बैठाने का भी संकेत देता है। हरियाली तीज का त्यौहार भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है।

**राजकीय महाविद्यालय :** राजकीय महाविद्यालय में तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया। महिला प्रकोष्ठ व इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गत 6 अगस्त को मेहंदी प्रतियोगिता



झूला झूलती हुई छात्राएं।



कार्यक्रम में भाग लेती हुई प्राध्यपिकाएं।



कार्यक्रम में भगा लेती हुई छात्राएं।



कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे।



महाविद्यालय के स्टाफ ने झूला झूलकर उत्सव का आनंद लिया। (प्रवीन)










एस.डी. कन्या महाविद्यालय तथा प्लस प्वाइंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल खापड़ में आयोजित कार्यक्रम। ओम इंटरनैशनल स्कूल दरोली खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते विद्यार्थी। (मित्तल)

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 08.08.2024

# तीज • सीआरएसयू में छात्राओं ने झूले का लिया आनंद



जींद. चौधरी रणबीर सिंह विवि में हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्राएं झूला झूलने के साथ सावन के गीतों पर जमकर थिरकीं व लोकगीत गाए। (विस्तृत खबर पेज 2 पर पढ़ें)

दैनिक जागरण

Date: 08.08.2024

# तीज पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम, झूलों का लिया आनंद

जागरण संवाददाता • जींद : हरियाली तीज के मौके पर जिले भर के स्कूल कालेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। बच्चों के साथ-साथ अध्यापक-अध्यापिकाएं भी पेड़ों पर झूले डालकर झूले व गीत गाए। मेहंदी लगाओ समेत कई तरह की प्रतियोगिताएं करवाई गई।

**हरा रंग हरियाली का प्रतीक, पेड़ लगाएं : रश्मि विद्यार्थी**

डीएवी संस्थाओं के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी के दिशा-निर्देशन में स्कूल में हरित रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नर्सरी से द्वितीय श्रेणी तक बच्चों ने ल्ज्ञाग लिया। प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने कहा कि सभी त्योहार एकता के प्रतीक हैं। क्योंकि सभी मिल कर अपने त्यौहार मनाते हैं। तीज त्यौहार के अवसर पर सभी अध्यापिकाओं ने हरे रंग के वस्त्र धारण किए। हरे रंग के गुब्बारों से सजावट की गई। समायरा, वंदना, हार्दिका, दृष्टि और वारुष ने सावन के गीतों बागड़ो नाची सामण मैं, घूमर-घूमर, छोरा मैं हरियाणे का व तीज स्पेशल गानों की धुन पर नृत्य किया।



चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय में झूला झूलते छात्राएं। • पीआरओ



झूला डाल झूलते छात्राएं व मौजूद प्राचार्यतथा स्टाफ सदस्य। • सौ. कालेज

**हिंदू कन्या महाविद्यालय में मनाया तीज उत्सव :** हिंदू कन्या महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा तीज महोत्सव धूमधाम से बनाया गया। छात्राओं को मिट्टी के चूल्हे, कपड़े के बिजणे व तोते बनाने की कार्यशाला आयोजन किया। इसमें छात्राओं ने मिट्टी के चूल्हे बनाने व चूल्हों पर डिजाइन बनाने सिखाए। गृह विज्ञान की प्राध्यापिका तन्नू रानी व अन्नू रानी ने गृह विज्ञान विभाग की इंचार्ज आरती सैनी की देखरेख में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ व इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

## चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया तीज पर्व

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में बुधवार को हरियाली तीज महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता भी हुई। इसमें टीचिंग, नान टीचिंग स्टाफ के अलावा विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्राओं ने झूला झूलने के साथ सावन के गीतों पर नृत्य किया व लोकगीत गाए। विश्वविद्यालय कुलपति डा. रणपाल सिंह ने बताया कि हरियाली तीज का त्योहार प्रकृति और महिलाओं के बीच गहरा नाता दर्शाता है। इस दिन महिलाओं में बहुत उत्साह और खुशी देखने को मिलता है। इस दिन महिलाएं गीत गाती हैं और एक-दूसरे को उपहार देती हैं। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि हरियाली तीज हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**INDIA TIMER**

Date: 08.08.2024

# सीआरएसयू ने धूमधाम से घेवर और सुहाली बांटकर मनाया तीज पर्व



**जींद,ब्यूरो (इंडिया टाइमर):** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में बुधवार को हरियाली तीज महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सोशल आउटरीच सेल और वूमेन सेल के तत्वावधान में तीज के अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए गए। विश्वविद्यालय प्रांगण में मंगलवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे टीचिंग, नॉन टीचिंग और विद्यार्थियों ने भाग लिया। बुधवार को विश्वविद्यालय में छात्राओं ने झूला झूलने के साथ सावन के गीतों पर जमकर थिरकीं और लोकगीत गाए, इसके साथ ही विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति डॉ रणपाल सिंह ने बताया कि हरियाली तीज का त्योहार प्रकृति और महिलाओं के बीच गहरा नाता दर्शाता है। इस दिन महिलाओं में बहुत उत्साह और खुशी देखने को मिलता है इस दिन महिलाएं गीत गाती हैं और एक-दूसरे को उपहार देती हैं। यह त्योहार महिलाओं को एक-दूसरे के साथ जुड़ने और सामंजस्य बैठाने का भी संकेत देता है। विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि हरियाली तीज हमारी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी रखता है।